राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 17 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री जयनारायण व्यास की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, दिनांक 18 फरवरी, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 17 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नागौर में प्रारम्भ हुआ। शिविर के उद्घाटन सत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

श्री डोटासरा ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आज के आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी के सुनहरे इतिहास पर गर्व होता है तथा कांग्रेस पार्टी के महान् नेताओं जिन्होंने भारत के निर्माण में एवं भारत की एकता व अखण्डता को कायम रखने हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर किया पर नाज करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखण्डता को कायम रखने के लिये पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया, इसी तरह देश में शांति और अमन कायम रखने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी शहीद हो गये। उन्होंने कहा कि देश में असत्य तथ्यों के आधार पर भय एवं अविश्वास का माहौल कायम किया जा रहा है जिस कारण सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का देश के लोकतंत्र को बचाने हेतु कार्य करने के का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। ईडी, आईटी के माध्यम से भाजपा की नीतियों का विरोध करने वालों को डराया का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिये पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, आईआईटी जैसे बड़े शिक्षण संस्थान दिये। उन्होंने कहा कि देश के सर्वांगीर्ण विकास हेतु पंचवर्षीय योजनायें बनाई थी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी जो नई शिक्षा नीति लेकर आये थे उसी के परिणामस्वरूप आज भारत डिजिटल क्रांति के साथ 21वीं सदी में प्रवेश कर सका। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने विकास कार्य करने की बजाए कांग्रेस सरकारों के शासनकाल में निर्मित सार्वजनिक संस्थाओं को बेचने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जनविरोधी निर्णयों की जानकारी लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर आम जनता के बीच सच्चाई उजागर करनी है।

2.........

Created by Universal Document Converter

श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान सरकार ने कोरोना महामारी का जिस प्रकार उम्दा प्रबंधन किया उसका अनुकरण पूरे विश्व ने किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बनाने हेतु 1200 से अधिक अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गाँधी स्कूल खोलने का कार्य किया जिससे आने वाले समय में विद्यार्थियों का भविष्य सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को अब तक एक लाख से अधिक नौकरियां प्रदान कर रोजगार उपलब्ध करवाया है तथा एक लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, मुफ्त दवा योजना लागू करने जैसे जनकल्याणकारी निर्णय लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में बनाई गई योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुँचे इसे सुनिश्चित करें तथा प्रचार-प्रसार कर योजनाओं को जन-जन तक पहुँचायें।

श्री डोटासरा ने नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के परिसर में बनने वाले नये हॉल व कमरों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन गैसावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter